मुरादाबाद में तैयार होने वाली यूर्निवर्सिटी का नाम गुरु जम्भेश्वर के नाम पर रखा जाएगा। लोदीपुर विशनपुर में गुरु जम्भेश्वर का 493 साल पुराना मंदिर है। इस गांव में 90 प्रतिशत आबादी विश्नोई समाज की है। लोगों का कहना है कि 493 साल पहले विक्रमी संवत 1587 में गुरु जम्भेश्वर भगवान लोदीपुर विशनपुर में राजस्थान से आए थे।मुरादाबाद में बनने वाले विश्वविद्यालय का नामकरण गुरु जम्भेश्वर के नाम पर होगा। यह बात मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कही। उन्होंने कहा कि मुरादाबाद व मिर्जापुर में विश्वविद्यालय के शिलान्यास के साथ ही भाजपा का संकल्पपत्र पूरा हो गया है। इन जनपदों को स्वास्थ्य सेवाओं का भी अच्छा केंद्र बनाया जाएगा। वन डिस्ट्रिक्ट वन मेडिकल कॉलेज के विजन के तहत बिजनौर में महात्मा विदुर मेडिकल कॉलेज बन रहा है। अमरोहा व संभल इस दिशा में अग्रसर हैं। योगी शनिवार दोहपर को मुरादाबाद को राजकीय विश्वविद्यालय समेत 513 करोड़ की 112 परियोजनाओं की सौगात दी। गुरु जम्भेश्वर का 493 साल पुराना मंदिर -मुरादाबाद के वार्ड 10 लोदीपुर विशनपुर में गुरु जम्भेश्वर का 493 साल पुराना मंदिर है। इस गांव में 90 प्रतिशत आबादी विश्नोई समाज की है। लोगों का कहना है कि 493 साल पहले विक्रमी संवत 1587 में गुरु जम्भेश्वर भगवान लोदीपुर विशनपुर में राजस्थान से आए थे। वह गांव में कई दिन रुके थे। यहां उन्होंने राजस्थान का खेजड़ी नामक पौधा रौपा, जोकि विशाल वृक्ष के रूप में आज भी है। बाद में विश्नोई समाज के लोगों ने इस स्थान पर गुरु जम्भेश्वर का मंदिर बनवा दिया। आज इस गांव को लोदीपुर धाम व मंदिर को गुरु जम्भेश्वर भगवान मंदिर कहा जाता है। गुरु जम्भेश्वर लोदीपुर में चैत्र मास की अमावस्या को आए थे। इसलिए मंदिर में हर साल चैत्र मास की अमावस्या पर दो दिवसीय भव्य मेले का आयोजन होता है। यह मेला पिछले 493 साल से हर साल लगता आ रहा है। अब इसका जिम्मा विश्नोई मंदिर समिति लोदीपुर धाम के पास है।विश्नोई समाज गदगद सीएम योगी जनसभा के मंच से सरकारी यूनिवर्सिटी का नाम गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय की घोषणा करके विश्नोई समाज को साध गए। उन्होंने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह का सुझाव था कि विश्वविद्यालय का नामकरण भी हो जाना चाहिए। आज हम विश्वविद्यालय का नामकरण गुरु जम्भेश्वर के नाम पर करने की घोषणा कर रहे हैं। इस घोषणा के बाद विश्नोई समाज के लोगों में उत्साह भर गया। फेसबुक, व्हाट्सएप से लेकर हर सोशल मीडिया साइट पर सीएम योगी के वक्तव्य की वीडियो क्लिप चलने लगी। समाज के लोगों ने सीएम योगी को धन्यवाद लिखते हुए एक्स पर पोस्ट भी किए। ज्ञात हो कि जिले में विश्नोई मतदाताओं की अनुमानित संख्या 66 हजार है। इनमें से 25 हजार वोट अकेले कांठ विधानसभा क्षेत्र में हैं। विश्नोई समाज के मुताबिक 27 हजार से ज्यादा वोट ठाकुरद्वारा विधानसभा में हैं। विश्नोई मंदिर समिति लोदीपुर धाम के सचिव अजीत कुमार विश्नोई का कहना है कि गुरु जम्भेश्वर के नाम से विश्वविद्यालय का नामकरण होना सिर्फ विश्नोई समाज के लिए नहीं बल्कि भारतीय संस्कृति व संतों का आदर करने वाले हर नागरिक के लिए गर्व का विषय है।भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह ने कहा कि मुरादाबाद उत्तर प्रदेश का ऐसा मंडल है, जहां सरकारी विश्वविद्यालय नहीं था। हम लोगों से कहते थे कि हमारी सरकार आएगी तो यह मांग जरूर पूरी होगी। आज सीएम योगी ने मुरादाबाद की वर्षों की पुरानी मांग पूरी कर दी है। इन जनपद का सपना पूरा कर दिया है। 2017 में भाजपा को प्रदेश में सरकार बनाने का अवसर मिला। मुख्यमंत्री ने उसी दिन से कहना शुरू कर दिया कि जमीन देखो, जो औपचारिकताएं हैं उन्हें पूरी करो। उन्होंने मुरादाबाद में सरकारी विश्वविद्यालय के निर्माण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। चौधरी ने कहा कि यह सीएम योगी के 24 घंटे प्रदेश के हित में काम करने का परिणाम है कि यूपी अब बीमारु राज्य से निकलकर बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में सामने आया है। सरकार ने बिजली, पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा, सुरक्षा पर काम किया है।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

सेंट्रल जेल में बंद शूटर के लाइव चैट से जुड़े थे आठ लोग, महिला वकील भी शामिल, पुलिस कर रही जांच



शूटर आसिफ ने सेंट्रल जेल में अपनी सर्किल की चहारदीवारी के पास खड़े होकर मोबाइल से वीडियो बनाया था। लाइव वीडियो से कई लोग जुड़े थे। इसके बाद जेल में छापे मारे गए लेकिन मोबाइल फोन बरामद नहीं हो सका।बरेली सेंट्रल जेल में बंद शूटर आसिफ के दो मिनट के लाइव वीडियो में ही उसके आठ करीबी जुड़ गए थे। इनमें शाहजहांपुर की महिला वकील भी शामिल हैं, जो हाथ जोड़कर शूटर का अभिवादन कर रही हैं। इसके अलावा शूटर का दोस्त सांचा, विशन राजपूत, संदीप कुशवाह, राजरत्न आदि जुड़े थे। इस मामले में सेंट्रल जेल के तीन वार्डर निलंबित कर दिए गए थे। डिप्टी जेलर को हटा दिया गया था, जबकि दो जेलरों से स्पष्टीकरण मांगा गया है। वहीं अब शूटर आसिफ को दूसरी जेल में शिफ्ट करने पर विचार किया जा रहा है। लाइव वीडियो में शूटर कह रहा है कि वह स्वर्ग में मौज ले रहा है और जल्दी आ रहा है। चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है। शूटर अपने दोस्त सांचा से कह रहा है कि दोस्त तो दिल में रहते हैं, उनके लिए अलग से जगह नहीं बनाई जाती है। जिंदगी में सबकुछ पैसा ही नहीं, संबंध बनाना भी जरूरी है। पैसे-वैसे चाहिए तो हमसे ले लेना। इसके बाद लाइव चैट समाप्त हो जाती है।अब इस लाइव चैट से जुड़े सभी लोगों की प्रोफाइल खंगाली जा रही है कि ये लोग कौन हैं और शूटर को कैसे जानते हैं? शूटर जेल के अंदर से किसे रुपये देने की बात कह रहा है, यह भी जांच का विषय है। शूटर की बातों से ऐसा लग रहा है कि जैसे वह जेल के अंदर से पूरा नेटवर्क चला रहा है। कहां गायब हो गया मोबाइल फोन, जांच जारी- शूटर ने सेंट्रल जेल में अपनी सर्किल की चहारदीवारी के पास खड़े होकर वीडियो बनाया था। इसके बाद जेल में छापे मारे गए लेकिन मोबाइल फोन बरामद नहीं हो सका। शूटर का मोबाइल फोन जेल से कहां गायब हो गया, इसका जवाब जेल के अधिकारियों के पास भी नहीं है। शूटर के फोन से कई अहम सुराग हाथ लग सकते हैं और कई बड़े अफसरों की गर्दन भी फंस सकती है। इसलिए फोन को लेकर कोई कुछ बोलने को तैयार नहीं है। वीडियो किस फोन से बनाया गया, उसको चार्ज और रिचार्ज करने की व्यवस्था कैसे होती थी? यह भी जांच के बाद ही पता चल सकेगा। फिलहाल, अभी जेल के कई राज खुलने बाकी हैं। बाबा बकाला का मुरीद है आसिफ-वीडियो में आसिफ बाबा बकाला का आशीर्वाद होने की बात कह रहा है। बताते हैं कि अमृतसर के पास बाबा बकाला शहर में सिख धर्मगुरु बाबा बकाला साहिब के नाम से गुरुद्वारा है जिसकी दूरदराज तक मान्यता है। सूत्रों के मुताबिक शूटर आसिफ भी बाबा बकाला को मानता है। इसके अलावा वह बड़ों का आशीर्वाद होने की बात भी कह रहा है। कयास लगाया जा रहा है कि बड़ों से उसका आशय जेल में स्वर्ग जैसी सुविधाएं देने वाले अफसरों से भी हो सकता है। डीआईजी जेल कुंतल किशोर ने बताया कि तीन जेल वार्डरों को निलंबित कर दिया गया है। जेल के दोनों जेलरों व डिप्टी जेलर की विभागीय जांच शुरू करा दी गई है। जिसका जितना दोष मिलेगा, उसी के मुताबिक कार्रवाई की जाएगी। बरेली सेंट्रल जेल में नए अधीक्षक की नियुक्ति की जा रही है।

वन मंत्री नागर सिह व लोकसभा प्रत्याशी ने पारा भाजपा मण्डल कार्यकर्ताओ से मुलाकात

क्यूँ न लिखूँ सच
शैलेन्द्र राठौर

झाबुआ/पारा । लोकसभा निर्वचन की आचार संहिता लगने के पुर्व प्रदेश भाजपा सरकार के केबिनेट मंत्री व भाजपा द्वारा घोषित रतलाम झाबुआ अलिराजपूर की लोकसभा प्रत्याशी ने भाजपा मण्डल पारा के कार्यकर्ताओ से पारा पंहुच कर मुलाकात की व मोदी का नारा अबकी बार 400 पार की जानकारी दी। शनिवार की दोपहर को प्रदेश सरकार के केबिनेट वन मंत्री नागरसिह चौहान व भाजपा द्वारा हाल ही मे घोषित रतलाम झाबुआ आलिराजपुर क्षेत्र की लोकसभा प्रत्याशी अनिता नागर सिह चौहान शनि मन्दिर पर आयोजित कार्यक्रम मे भारतीय जनता पार्टी मण्डल पारा के कार्यकर्ताओ से मिलने पहुचे । कार्यकर्ताओ को सम्बोधित करते हुवे मंत्री चौहान ने कहा की पिछले दस सालो मे आदिवासी क्षेत्र का जितना विकास मोदी सरकार के द्वारा किया गया उतना कभी नही हूआ । श्री चौहान ने कांग्रेस का नामं लिये बगेर कहा कि पहले इन्दिरा आवास गांव मे किसी एक आदमी के नाम पर आता था। जिसकी रकम भी बहुत कम होती थी हितग्राही को किसी भी मकान के सामने खड़ा कर फोटो खिंचवा कर रकम निकाल लेते थे। जब मोदी जी सरकार बनी सभी को पक्का मकान बनाने के लिये एक लाख पचास हजार रुपए मिलने लगे। अटल बिहारी वाजपेयी जी के नाम गांव गांव मे सड़कें बनने लगी रतलाम झाबुआ अलिराजपूर क्षेत्र मे और विकास करने के लिये मुझे मंत्री बनाया है ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगो को लाभ मिल सके और इसके लिये आपको सभी को मोदी जी के हाथ मजबूत करना है । मोदी जी का नारा है अबकी बार 400 पार । इसलिए आप सभी लोग अपने गांव गांव फलिए फलिए मे पूरी ताकत से मोदी जी के मिशन को पुरा करने मे जी जान से जुट जाये। अबकी बार हर बूथ पर पहले के मुकाबले 370 अधिक वोट भाजपा के पक्ष मे डलवाना है । घर घर जाकर मोदी जी और प्रदेश सरकार की योजनाये जिनका लाभ मिल रहा है सबको समझना है । लोकसभा प्रत्याशी अनिता नागरसिह चौहान ने सम्बोधित करते हुवे कार्यकर्ताओ से कहा कि आप सभी बूथ कार्यकर्ताओ को अपना बूथ कभी भी खाली नही छोड़ना है दिन मे एक बार अपने बूथ पर जरुर जाना है नही तो खाली देख कर कोई भी घुस जायेगा। इसलिये खाली नही छोडे। इससे पुर्व जिलाध्यक्ष भानू भूरिया व जिला महामंत्री सोमसीह सोलंकी ने सम्बोधित किया। कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत रातिमाली पारा के सरपंच गोपल खराडी ने अपने 25 से अधिक समर्थको के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। सभी का स्वागत मंत्री चौहान भाजपा दुपट्टा पहनकर किया । बताया जाता है की गोपल खराडी कान्तिलाल भूरिया के रिश्ते दामाद लगते हैं । इस अवसर पर लोकसभा प्रभारी किशोर शाह, अलिराजपूर जिला प्रभारी शेलेष दुबे, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष कुलदीप चौहान, पारा मण्डल प्रभारी विजय चौहान, किसान मोर्चा महामंत्री वालसिह मसानिया मण्डल अध्यक्ष सजन सिह अम्लियार, जिला पंचयात सदस्य हर्षिता वालसिह मसानिया पारा सरपंच इंदु बाला डामोर, पुर्व सरपंच औकार सिह डामोर, वरिष्ठ भाजपा नेता छितुसिह मेड़ा रोमिराज सेन अल्पसंख्यक मोर्चा मताब पठान फय्याज पठान रेहमान पठान इम्तियज निजमी सहित सेकड़ो भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

पेपर लीक की एक घटना ने बिगाड़ा आयोग का परीक्षा कैलेंडर, टल सकती हैं कई और परीक्षाएं

प्रारंभिक परीक्षा स्थगित होने से अब सात जुलाई से प्रस्तावित मुख्य परीक्षा का टलना भी तय हो गया है। वहीं, 22 मार्च को प्रस्तावित स्टाफ नर्स (यूनानी/आयुर्वेदिक) (पुरुष/महिला) प्रारंभिक परीक्षा-2023 स्थगित होने के बाद अब 16 जून को प्रस्तावित मुख्य परीक्षा भी आयोग को टालनी पड़ेगी। समीक्षा अधिकारी (आरओ)/ सहायक समीक्षा अधिकारी (एआरओ) प्रारंभिक परीक्षा-2023 में पेपर लीक की घटना ने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) का परीक्षा कैलेंडर बिगाड़ दिया। कैलेंडर में शामिल अब तक पांच परीक्षाएं स्थगित की जा चुकी हैं। इनमें से कोई ऐसी परीक्षा नहीं है, जो लोकसभा चुनाव के कारण प्रभावित हो रही हो। ऐसे में माना जा रहा है कि पेपरों की सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम किए जाने के बाद ही आयोग कोई परीक्षा कराएगा। आयोग ने अप्रैल से दिसंबर तक 17 तिथियां परीक्षाओं के लिए आरक्षित कर रखी हैं। आरओ/एआरओ प्रारंभिक परीक्षा में पेपर वायरल होने की घटना के बाद इस परीक्षा को निरस्त किए जाने के बाद आयोग ने सबसे पहले 17 मार्च को प्रस्तावित पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा स्थगित की। प्रारंभिक परीक्षा स्थगित होने से अब सात जुलाई से प्रस्तावित मुख्य परीक्षा का टलना भी तय हो गया है। वहीं, 22 मार्च को प्रस्तावित स्टाफ नर्स (यूनानी/आयुर्वेदिक) (पुरुष/महिला) प्रारंभिक परीक्षा-2023 स्थगित होने के बाद अब 16 जून को प्रस्तावित मुख्य परीक्षा भी आयोग को टालनी पड़ेगी। सात अप्रैल को प्रस्तावित सहायक नगर नियोजक प्रारंभिक परीक्षा-2023 भी स्थगित की गई है। ऐसे में 19 जून को प्रस्तावित मुख्य परीक्षा भी टाल दी जाएगी। आयोग ने अपर निजी सचिव (एपीएस)-2023 की नौ अप्रैल को प्रस्तावित द्वितीय चरण की परीक्षा और 24 अप्रैल को प्रस्तावित स्टाफ नर्स एलोपैथी (पुरुष/महिला) मुख्य परीक्षा-2023 को भी स्थगित कर दिया है। एपीएस के द्वितीय चरण की परीक्षा के लिए आवेदन की प्रक्रिया चल रही है, जबकि स्टाफ नर्स एलोपैथी मुख्य परीक्षा के आवेदन की हार्डकॉपी आयोग में जमा करने की अंतिम तिथि 21 मार्च है। आवेदन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद अभ्यर्थियों को परीक्षा के लिए इंतजार करना होगा। आचार संहिता में फंसी आयोग की पांच भर्तियां- लोकसभा चुनाव की आचार संहिता में यूपीपीएससी की पांच भर्तियों फंस गई हैं। आयोग को एलटी ग्रेड शिक्षक भर्ती, राजकीय डिग्री कॉलेजों में असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती, खंड शिक्षा अधिकारी भर्ती, सम्मिलित राज्य कृषि सेवा भर्ती, सम्मिलित राज्य अभियंत्रण सेरा भर्ती से संबंधित रिक्त पदों का अधियाचन मिल चुका है, लेकिन किसी की परीक्षा तिथि तय नहीं है। कोई परीक्षा समकक्ष अर्हता तय न होने तो कोई परीक्षा शासन से नियमावली को मंजूरी मिलने के इंतजार में अटकी हुई है। वहीं, कुछ परीक्षाओं के लिए शासन से परीक्षा योजना और पाठ्यक्रम को मंजूरी मिलने का इंतजार है। शनिवार को अधिसूचना जारी होने के साथ ही आचार संहिता लागू हो गई, सो अभ्यर्थियों को अब नई भर्ती के लिए चुनाव खत्म होने का इंतजार करना होगा।

अखिलेश को अपनों से ही चुनौती, सपा कार्यालय पर कुर्ता फाड़कर चीखा कार्यकर्ता; बुरी तरह हारेंगी डिंपल यादव

अखिलेश यादव को अपनों से ही चुनौती मिल रही है। अब सपा कार्यालय पर कुर्ता फाड़कर कार्यकर्ता चीखा। कहा कि डिंपल यादव बुरी तरह हारेंगी। उसने राजनीति छोड़ने की भी बात कही।लोकसभा चुनाव की घोषणा हो चुकी है। मैनपुरी सीट से सपा की ओर से डिंपल यादव मैदान में हैं। इस बीच रविवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है। सपा कार्यालय के सामने एक कार्यकर्ता ने अपना कुर्ता फाड़ लिया। उसने पार्टी के स्थानीय पदाधिकारियों और नेताओं पर गंभीर आरोप लगाए हैं। वीडियो चर्चा का विषय बना हुआ है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में गांव ब्योंती खुर्द निवासी सपा कार्यकर्ता निर्दोष यादव आवास विकास स्थित सपा कार्यालय के बाहर मौजूद नजर आ रहे हैं। वीडियो में वे कह रहे हैं कि उनके साथ और उनके जैसे सैकड़ों के कार्यकर्ताओं के साथ पार्टी के पदाधिकारी गलत व्यवहार कर रहे हैं। सांसद डिंपल यादव जब भी मैनपुरी आती हैं तो उनके सुरक्षाकर्मी स्थानीय पदाधिकारियों के इशारे पर कर्मठ और नौजवान कार्यकर्ताओं को धक्का मारकर बाहर कर देते हैं। इतना ही नहीं उन्होंने कहा कि पार्टी के पदाधिकारी सपा को मजबूत करने के बजाए उसे कमजोर करने का काम कर रहे हैं। पदाधिकारी कुछ भी कहने से बच रहे- इसी बीच सपा नेता ने अपना कुर्ता फाड़ते हुए राजनीति छोड़ने की भी बात कही। उन्होंने कहा कि अगर ऐसे ही चलता रहा तो डिंपल यादव जीतना तो दूर 50 हजार वोट से हारेंगी। कार्यकर्ता ने वर्तमान पार्टी पदाधिकारी के साथ ही एक पूर्व विधायक पर भी कार्यकर्ताओं की अनदेखी करने के आरोप लगाए हैं। वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। वहीं पार्टी पदाधिकारी इस बारे में कुछ भी कहने से बच रहे हैं।

संक्षिप्त समाचार

बैंक खातों में जाएगा वित्तविहीन विद्यालयों के शिक्षकों का वेतन, लाखों शिक्षकों का रुकेगा शोषण

25 हजार माध्यमिक स्कूलों के लाखों शिक्षकों का शोषण रुकेगा। अब उनका वेतन सीधे उनके बैंक खातों में जाएगा या फिर चेक से दिया जाएगा। इस संबंध में अपर शिक्षा निदेशक माध्यमिक ने दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं।उत्तर प्रदेश के लगभग 25 हजार वित्तविहीन मान्यता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के लाखों शिक्षकों का शोषण रोकने के लिए बड़ी पहल की गई है। इसके तहत इन कॉलेजों को अपने यहां तैनात शिक्षकों का वेतन सीधे उनके बैंक खातों में या चेक के माध्यम से देना होगा। इससे कॉलेजों की सच्चाई भी सामने आएगी क्योंकि अभी तक वे शिक्षकों को आधा-अधूरा व मनमाना पैसा ही देते थे।वित्तविहीन विद्यालयों में शिक्षकों को कहीं पांच तो कहीं आठ हजार रुपये वेतन दिया जा रहा है, जबकि उन्हें न्यूनतम 15 हजार रुपये वेतन व अन्य सुविधाएं मिलनी चाहिए। यह मामला कई बार शासन के संज्ञान में लाया गया। शिक्षक संघ भी काफी समय से मांग कर रहे थे कि शिक्षकों का वेतन बैंक खाते में भेजा जाए, क्योंकि काफी कम वेतन पर उनसे पूरा काम लिया जाता है। उन्हें छुट्टी आदि मिलने में काफी दिक्कत आती है।शासन ने इस बाबत पूर्व में आदेश जारी किया था, लेकिन उसका पालन नहीं हो रहा था। इसी क्रम में अपर शिक्षा निदेशक माध्यमिक सुरेंद्र कुमार तिवारी ने सभी मंडलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक, मंडलीय उपशिक्षा निदेशक, डीआईओएस और वित्त व लेखाधिकारी को निर्देश दिया है कि ऐसे विद्यालयों में वेतन व अन्य भुगतान बैंक खाते में या चेक से किया जाए। ऐसा न करने पर उनकी मान्यता को लेकर सख्ती की जाएगी।- अपर शिक्षा निदेशक ने यह भी निर्देश दिया है कि अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकों व कर्मचारियों को फॉर्म 16 निशुल्क दिया जाए। जानकारी के अनुसार कई कॉलेज इसके लिए भी शिक्षकों-कर्मचारियों से शुल्क लेते हैं। शुल्क न देने पर उन्हें फॉर्म नहीं दिया जाता है।

हाईवे पर कार ने बाइक में मारी टक्कर, नोएडा से गांव आ रहे जीजा की मौत, साला गंभीर घायल

जीजा और साला नोएडा में एक कंपनी में काम करते थे। दोनों बाइक से अपने गांव लौट रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक लोधा के राजा महेंद्र प्रताप यूनिवर्सिटी के पास पहुंची, एक कार ने उनमें टक्कर मार दी। हादसे में जीजा की मौत हो गई और साला गंभीर रूप से घायल हो गया।लोधा थाना क्षेत्र के अलीगढ़-पलवल-खैर हाईवे पर 16 मार्च देर रात कार ने बाइक सवार जीजा और साले को टक्कर मार दी। कार की टक्कर लगते ही सड़क पर गिरकर जीजा की मौत हो गई। हादसे में साला गंभी रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहंची लोधा पुलिस ने जीजा के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घायल साले को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने हादसे की सूचना परिजनों को दी। जिससे दोनों परिवार में मातम छा गया। एटा के निधौली कला के गांव नगला फकीर निवासी 30 वर्षीय पुष्पेन्द्र यादव पुत्र तहसीलदार अपने साले पनव पुत्र राजू निवासी सभापुर निधौली कला के साथ नोएडा में एक कम्पनी में नौकरी करते थे। 16 मार्च को नोएडा से बाइक पर सवार होकर जीजा-साले अपने गांव निधौली कला जा रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक युवक राजा महेन्द्र प्रताप राज्य विश्वविधालय, लोधा के पास पहुंची, तभी पीछे से आ रही कार ने बाइक में टक्कर मार दी। बाइक में टक्कर लगते ही जीजा पुष्पेन्द्र यादव की मौके पर ही मौत हो गई। बाइक पर सवार साला पवन यादव गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे को देख स्थानीय लोग घटनास्थल पहुंचे और पुलिस कन्ट्रोल रूम को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घायल युवक को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। मृतक की जेब में मिले कागजातों से परिवार के लोगों को हादसे की सूचना दी गई। हादसे की सूचना से परिवार में मातम छा गया। परिजन लोधा थाने पहुंचे, वहां से जिला अस्पताल में पहुंचे।

रेलवे फाटक बंद होने से 10 गांव के 50 हजार से अधिक की आबादी प्रभावित, नाराज ग्रामीणों ने भरी हुंकार

लोकसभा चुनाव से पहले मऊ जिले के पिपरीडीह गांव में 10 गांव के सैकड़ों लोगों ने बैठक की। इस दौरान लोगों ने अंडरपास की मांग करते हुए नाराजगी जताई। लोगों ने कहा कि पिपरीडीह रेलवे स्टेशन के पास का रेलवे फाटक बंद होने से किसानों को परेशानी हो रही है। लोकसभा चुनाव को लेकर अधिसूचना जारी होने के बाद मऊ जिले में शनिवार को अंडरपास की मांग को लेकर पिपरीडीह गांव में 10 से ज्यादा गांवों के सैकड़ों ग्रामीणों ने बैठक किया। लोगों ने अंडरपास की मांग पूरी न होने पर लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करने की चेतवानी दी ।यह है मामला-वाराणसी भटनी रेलखंड पर स्थित पिपरीडीह रेलवे स्टेशन के पास एक रेलवे फाटक था। दोहरीकरण के बाद इस फाटक को रेलवे द्वारा बंद कर दिया गया।

साली के साथ डीजे पर इस तरह किया डांस... गुस्सा गई पत्नी, फिर पति से लिया ऐसा बदला कि उड़े सबके होश

ससुराल में शादी समारोह के दौरान साली को डीजे पर डांस करते हुए देख युवक खुद को नहीं रोक सका। वो साली संग डांस करने के लिए डीजे पर पहुंच गया। उसके कदम थिरके तो पत्नी का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया। गुस्साई पत्नी ने फिर पति के साथ ऐसी हरकत कर दी कि सभी हैरान रह गए।आगरा में ससुराल में डीजे पर साली के साथ डांस करना युवक को भारी पड़ गया। पत्नी ने युवक को सभी के सामने चप्पलों से पीटा। इस पर पति ने पत्नी को मायके में ही छोड़ दिया। छह महीने से मायके में रह रही पीड़िता ने परिवार परामर्श केंद्र में न्याय की गुहार लगाई।शादी को हुए 15 साल-शनिवार को काउंसलर ने दोनों पक्ष में समझौता कराया। पति ने वादा किया कि वह साली से बात नहीं करेगा, वहीं पत्नी ने कहा कि वह गुस्से पर काबू रखेगी। मथुरा के मगोर्रा थाना क्षेत्र की युवती की शादी 15 साल पहले कागारौल थाना क्षेत्र में हुई थी। युवक एक जूता कंपनी में सुपरवाइजर है। महिला ने बताया कि छह महीने पहले उसकी बहन की शादी थी। वहीं पति-पत्नी में विवाद हुआ। पत्नी ने लगाया ये आरोप-शनिवार को काउंसलर ने दोनों पक्षों को बुलाया। पत्नी का आरोप है कि पति पहले उसकी बहन से फोन पर एक-एक घंटे बाद करता था। शादी में तो डांस करते समय हद ही कर दी। गुस्से में उसने पति को चप्पलों से पीट दिया। काउंसलर डॉ. सतीश खिरवार ने बताया के दोनों ने वादा कर समझौता कर लिया है।जींस-टॉप पहनकर पहुंची बहू, ससुराल में हंगामा-मलपुरा थाना क्षेत्र में नवविवाहिता ससुराल में जींस-टॉप पहनकर चली गई। यह देख गांव के लोग दंग रह गए। घर पहुंचने पर सास ने बहू को समझाया। शाम को जब पति काम से लौटा तो पड़ोस के लोग उसकी पत्नी का मजाक बनाने लगे। इस पर उसने पत्नी से मारपीट की। 2 महीने से पत्नी मायके में रह रही थी। शनिवार को काउंसलर ने दोनों पक्षों को बुलाया। पत्नी ने ससुराल में जींस-टॉप पहनने से मना कर दिया। पति ने भी पत्नी पर हाथ नहीं उठाने की कसम खाई। इस पर दोनों में समझौता हो गया।

SSP के नाम चिट्ठी छोड़ी और गंगनहर में लगा दी छलांग, पोती के साथ दुष्कर्म से आहत था बुजुर्ग

मुजफ्फरनगर जनपद के भोपा थानाक्षेत्र में एक बुजुर्ग ने एसएसपी के नाम चिट्ठी लिखकर छोड़ी और फिर गंगनहर में छलांग लगा दी। चिट्ठी में जिक्र किया गया कि बुजुर्ग पोती से दुष्कर्म के मामले में कार्रवाई न होने से आहत था।उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में भोपा थाना क्षेत्र में दुष्कर्म के मामले में पुलिस आरोप लगाते नहर में छलांग आसपास के मौके पर पहुंचे गया। नहर पुल और एसएसपी लिखा मिला क्षेत्र के बेलडा व्यक्ति ने छलांग पुल पर आधार

पर लापरवाही का हुए एक बुजुर्ग ने लगा दी। लोग जब तक बुजुर्ग पानी में बह पर आधार कार्ड के नाम पत्र है।भोपा थाना गंग नहर में एक लगा दी। गंगनहर कार्ड और एक प्रार्थना पत्र एसएसपी के नाम लिखा हुआ मिला है, जिसमें उसने लिखा है कि दिसंबर 2023 में उसकी पौत्री को युवक बहला फुसलाकर ले गए थे, जिन्होंने उसके साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। लिखा कि आरोपियों ने गर्भवती होने पर उसका गर्भपात भी कराया। पुलिस ने इस मामले में कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है। वहीं एसएसपी के नाम चिट्ठी मिलने की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई थी। पुलिस ने आसपास पानी में तलाश कराई लेकिन बुजुर्ग का कोई सुराग नहीं लग सका। पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

नगरपालिका की बड़ी लापरवाही

पुस्तकालय की बेशकीमती किताबें बनी कूड़े का ढेर

क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- पुस्तकों में जीवन बसता है संस्कार पनपते हैं संस्कृतियां संरक्षित होती हैं। ऐसे में पुस्तकालय और प्राचीन किताबों का जीवन में क्या महत्व होता है इसे शब्दों में बयां कर पाना शायद संभव न हो। लेकिन नगरपालिका के लिए न तो पुस्तकों का महत्व है और न ही पुस्तकालय का। शायद यही कारण है पुस्तकालय की बेशकीमती प्राचीन किताबों का अस्तित्व समाप्त हो गया। बता दें नगरपालिका की बड़ी लापरवाही देखने को मिली है मेहता पार्क स्थित पुस्तकालय की बेशकीमती किताबें कूड़े का

ढेर बनी हुई हैं। जो? पुस्तकें लोगों के हाथों में होनी चाहिए थी वे प्राचीन बेशकीमती किताबें नगरपालिका के? वाटर बॉक्स में गंदगी और कूड़े का ढेर बनी हुई हैं। नगरपालिका की शिक्षा और किताबों के प्रति बड़ी लापरवाही देखकर पुस्तक प्रेमियों और युवाओं में काफी नाराजगी है साथ ही नगर पालिका के अधिकारी भी इसे लेकर संजीदा नहीं हैं। जिले के तेजतर्रार जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह को इसकी जांच करानी चाहिए आखिर इन प्राचीन बेशकीमती किताबें का अस्तित्व क्यों समाप्त करा दिया गया..? साथ ही इन प्राचीन किताबों को कूड़े का ढेर बनाने वाले लापरवाह लोगों पर कड़ी कार्यवाही अमल में लानी चाहिए जिससे भविष्य में प्राचीन पुस्तकों को पुनः कोई भी व्यक्ति कूड़े का ढेर बनाने की गलती न? करे।

संक्षिप्त समाचार

यश योग सेवा समिति का हर्बल गुलाल बनाने का और होली महोत्सव का कार्यक्रम आयोजन हुआ

क्यूँ न लिखूँ सच

एटा कलेक्टर पार्क कचहरी रोड पर यश योग सेवा समिति की तरफ से महिलाओं की तरफ से हर्बल गुलाल बनाने का कार्यक्रम आयोजित कराया गया, जिला योग प्रभारी यशवीर सिंह चौहान, जिला योग महिला प्रभारी आशु वार्ष्णेय, सह महिला योग



प्रभारी मंजू वार्ष्णेय, यश योग समिति के सदस्यों के सामने बाहर से आई हमारी मुख्य अतिथि महिलाओं ने गुलाल बनाने तरीका बताया के किस तरह से घर में हर्बल गुलाल बनाया जा सकता है इस हर्बल गुलाल से कोई नुकसान नहीं पहुंचता उसके बारे में ,पूनम अग्रवाल, हेमलता जी, सीमा, विभा, सविता, भावना ,मंजू राजपूत, सभी मुख्य महिलाओं ने हर्बल गुलाल बनाने की जानकारी दी, और सभी यश योग समिति के सदस्यों के साथ मिलकर एक दूसरे को हर्बल गुलाल लगाकर होली महोत्सव सभी बनाया गया, यश योग समिति के जिला प्रभारी यशवीर सिंह चौहान जिला महिला प्रभारी आशु वार्ष्णेय सह महिला प्रभारी मंजू वार्ष्णेय बाहर से आई हमारी मुख्य अतिथि सभी महिलाओं का धन्यवाद करते हुए आभार प्रकट किया कार्यक्रम में समिति के सदस्य सहित सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

जनेह थाना प्रभारी के सक्रियता के चलते अवैध गांजा की खेती करते दो लोगो पर की गई कार्यवाही

क्यूँ न लिखूँ सच -आलोक मिश्रा

जनेह/ रीवा पुलिस अधीक्षक विवेक सिह अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक लाल के निर्देशन में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस त्योंथर उदित मिश्रा के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी जनेह कन्हैया सिंह बघेल के नेतृत्व में थाना स्टॉप की टीम द्वारा ग्राम फुलदेउर मे दो लोगो को अवैध करते पाये जाने कार्यवाही । सूचना पर ग्राम अखिलेश सिह सिह उम्र 55 वर्ष लगे हुए खेत मे की खेती किया

अलग अलग गांजा की खेती पर की गई मुखबिर की फुलदेउर मे पिता रामशरण अपने घर से अवैध गांजा है जिस पर छापामार कार्यवाही की गई तो आरोपी के खेत मे अवैध गांजा का 18 नग छोटे बडे पौधे बरामद हुए। जिनका बजन 800 ग्राम था जिस पर एनडीपीएस एक्ट के तहत आरोपी को गिरफ्तार किया गया। इसके साथ ही ग्राम फुलदेउर मे प्रीतम वर्मा पिता रामाश्रय वर्मा उम्र 60 वर्ष के खेत मे अवैध गांजा का 1 नग पेड करीबन 6 फिट लम्बा एवं 2.450 कि.ग्रा. बजन का गांजा बरामद हुआ। जिन पर भी एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानो के तहत कार्यवाही की गयी। तथा दोनो आरोपियो को माननीय न्यायालय मे पेश किया गया है। उक्त कार्यवाही में उप निरी. कन्हैया सिह बघेल थाना प्रभारी जनेह, सउनि प्रमोद कुमार पाण्डेय , प्र.आर. 146 धर्मेन्द्र विश्वकर्मा, प्र.आर. 124 द्वारिका पटेल, आर. 1139 विपिन यादव, आर. 127 अनुज द्विवेदी, आर. 235 अमन सेन महत्वपूर्ण योगदान रहा।

प्रधान से परेशान किसानो ने चौपाल का किया आयोजन जिसके मुख्य अतिथि रहे अजय कुमार चौधरी

क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती विकास खंड हरिहरपुर रानी ग्राम पंचायत भंगही के मजरा कुर्सहा मे भारतीय किसान यूनियन के सदस्य ग्राम सभा की जनता मौजूदा प्रधान लक्ष्मी शरण के गलत कार्य से असंतुष्ट होकर जिले के संबंधित अधिकारियों को प्रार्थना पत्र के माध्यम से अवगत कराते हुए

बताया कि मौजूदा प्रधान लक्ष्मी शरण के कार्यो की जांच करना बहुत जरूरी है आज तक अधिकारियों द्वारा ना तो जांच की गई वह अपने मनमाने ढंग से ग्राम सभा के कार्यों को अंजाम देता है जिसमें उसका बेटा मोतीलाल पूर्ण भूमिका निभा रहा है जो की किसी डाक खाने में कार्यरत है

वह डाकखाने की नौकरी छोड़कर ग्राम सभा में प्रधानी का कार्य करवाता है जिससे ग्रामीणों को बहुत बड़ी असुविधा हो रही है दर्जनो प्रार्थना पत्र देने के बाद सुनवाई न होने पर भारतीय किसान यूनियन के लोगों ने जिला अध्यक्ष अजय कुमार चौधरी को चौपाल के माध्यम से ग्राम सभा में बुलवाया और सारी बातों से अवगत कराया लोगों की बातों को सुनने के बाद में अजय कुमार चौधरी ने बताया

गैर जिम्मेदारञ्ना तरीके से ग्राम सभा में कार्य को अंजाम देता है तो हमारा भारतीय किसान यूनियन संबंधित अधिकारियों से वार्ता करके जांच करने का काम करेगा और जांच में दोषी पाए जाने पर रिकवरी भी करवाइए

चौपाल में उपस्थित भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी व सदस्यों सहित ग्राम सभा के लोगों ने भी अहम भूमिका निभाई मौजूद लोगों ने अजय कुमार चौधरी की बातों को सुनकर लोगों ने तालिया से स्वागत किया

सपा पिछडा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष शिवराज सिहं कश्यप व प्रिसिंपल डा. संजीव पचौरी सहित दर्जन भर लोगों ने थामा निषाद पार्टी का दामन , दी गयी बडी जिम्मेदारी

क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- लोकसभा मिशन 2024 को द्रष्टिगत निषाद पार्टी की पूर्व निर्धारित जिला स्तरीय महत्वपूर्ण बैठक आज रविवार को कासगंज रोड स्थिति सी.डी.एस. पब्लिक स्कूल में निषाद पार्टी के प्रदेश सचिव रामपाल सिंह कश्यप की अध्यक्षता में समपन्न हुई ! बैठक में निषाद पार्टी के जिलाध्यक्ष राकेश कुमार कश्यप ने सर्वप्रथम समाजवादी पार्टी पिछडा वर्ग प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष शिवराज सिहं कश्यप एवं प्रकाश महाविधालय के प्रिसिंपल डा. संजीव पचौरी व सपा नेता दिनेश चन्द कश्यप उर्फ डी. सी. सहित उनके साथ आऐ लगभग दो दर्जन साथियो का माल्यार्पण कर अभिनंदन करते हुए निषाद पार्टी की टोपी पहनाकर निषाद पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराते हुए लोकसभा मिशन 2024 को फतह करने के लिए शिवराज सिहं कश्यप को निषाद पार्टी का वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष तथा

डा. संजीव पचौरी को जिला महासचिव एवं दिनेश चन्द कश्यप उर्फ डी. सी. को जिला सचिव मनोनीत करते हुऐ बडी जिम्मेदारी प्रदान की ! इस अवसर पर जिला स्तरीय पदाधिकारियों से मत्रंणा करते हुऐ फरूखाबाद लोकसभा क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले विधान सभा क्षेत्र अलीगंज एवं आगरा लोकसभा क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले विधान सभा क्षेत्र जलेसर तथा एटा लोकसभा क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले विधान सभा क्षेत्र एटा सदर सहित विधान सभा क्षेत्र मारहरा पर भाजपा निषाद पार्टी गठबंधन उम्मीदवारों के पक्ष में विजय का संकल्प दोहराते हुऐ सभी कार्यकर्ताओं से अपने अपने क्षेत्रों में अभी से जुट जाने के निर्देश दिए गऐ ! बैठक में प्रमुख महासचिव डा. सुभाष शाक्य, डा. पुष्पेन्द्र सिहं यादव, डा. हरबंश सिहं लोधी, महेश वर्मा, सुनहरी लाल कश्यप प्रधान कसैटी, राकेश भारद्वाज, राहुल देव सिहं , ठा. अजीत सिंह सोंलकी, गुलजारी लाल कश्यप, जगदीश कश्यप, सूरज सिहं कश्यप, राजकुमार कश्यप, विशाल उपाध्याय, सत्यराम फौजी, अनिल कुमार वर्मा, रवि कश्यप, देवांश वर्धन कश्यप, प्रवेश राजपूत, सतेन्द्र सिंह यादव, दीपक कश्यप, अतुल कुमार, सुखबीर सिहं सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे !

मजदूरी मांगने पर हत्याः बदायूं में मजदूर को पीटकर मार डाला, खेत में मिला शव; दो आरोपी गिरफ्तार

बदायूं के उद्यैती क्षेत्र में मजदूरी के रुपये मांगने पर मजदूर की हत्या कर दी गई। रविवार सुबह उसका शव गांव के बाहर खेत में मिला। उसके मुंह से खून बह रहा था। मृतक के भाई ने चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। बदायूं के उद्यैती थाना क्षेत्र के गांव ऐपुरा में शनिवार रात मजदूरी के 15,000 रुपये मांगने पर 40 वर्षीय राजदुलार की लाठी-डंडे से पीटकर हत्या कर दी गई। रविवार सुबह उसका शव गांव के बाहर एक खेत में पड़ा मिला। परिवार वालों का कहना है कि मजदूरों के ठेकेदार और पड़ोसी रामपाल पर रुपये बकाया थे। तगादा करने पर गाली-गलौज की गई। फिर खेत में ले जाकर पीट-पीटकर हत्या कर दी। शरीर में चोटों के निशान इसकी गवाही दे रहे हैं।गांव ऐपुरा निवासी राजदुलार हिमाचल प्रदेश में मजदूरी करके अपने परिवार का पालन-पोषण कर रहे थे। उनकी भाभी सरोज पत्नी चंद्रकेश का कहना है कि राजदुलार करीब पांच साल पहले पंजाब के होशियारपुर जिले में मजदूरी करते थे। उनके पड़ोस का रामपाल उन्हें मजदूरों के साथ पंजाब लेकर गया था। मजदूरी के 15 हजार रुपये रामपाल पर रह गए। राजदुलार ने कई बार अपने रुपये मांगे। जब उसने रुपये नहीं दिए तो राजदुलार पंजाब से अपने परिवार को लेकर हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर जिला चले गए और वहीं मजदूरी करने लगे। घर से बुलाकर ले गए थे आरोपी - 11 मार्च को राजदुलार घर आए थे। तब से वह खेतीबाड़ी संभाल रहे थे। शुक्रवार को वह आलू बेचने चंदौसी गए थे। रात को वहीं रुक गए और शनिवार शाम चंदौसी से लौटे। उन्होंने कुछ शराब भी पी रखी थी। शाम के समय उन्होंने रामपाल से अपने रुपये मांगे। रामपाल ने गालीगलौज कर दी। मोहल्ले के लोगों ने उन्हें समझा बुझाकर मामला शांत करा दिया। भाभी सरोज देवी, राजदुलार को उनके घर ले गईं। रात में आरोपी उनको बुलाकर ले गए। मुंह से निकल रहा था खून -रविवार सुबह पता चला कि राजदुलार की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई है। उनका शव गांव के बाहर खेत में पड़ा है। परिवार के सभी लोग मौके पर पहुंच गए। राजदुलार के मुंह से खून निकल रहा था। शरीर पर चोटों के कई निशान थे।

सूचना पर सीओ बिल्सी सुशील कुमार सिंह मौके पर पहुंच गए। चंद्रकेश ने ठेकेदार रामपाल, उसके बेटे राजेश, हरज्ञान और पड़ोस के विजयपाल पर हत्या के आरोप में एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस ने रामपाल और विजयपाल को गिरफ्तार कर लिया है। एसपी देहात राममोहन सिंह ने बताया कि मजदूर का शव खेत में पड़ा मिला है। उसके शरीर पर काफी चोटों के निशान मिले हैं। उसके साथ मारपीट की गई थी। एफआईआर दर्ज कर ली गई है। दो लोगों से पूछताछ भी की जा रही है। रुपये के लेनदेन का मामला है। छानबीन के लिए पुलिस टीम लगाई गई है।

लोकसभा चुनावः इस सीट पर जीत की हैट्रिक की तैयारी में जुटी भाजपा, गठबंधन के दम पर सपा ने भी बिछाई बिसात

शाहजहांपुर लोकसभा सीट से भाजपा ने एक बार फिर से अरुण सागर पर भरोसा जताया है। भाजपा यहां से लगातार दो बार जीत चुकी है। वहीं सपा ने कांग्रेस के साथ गठबंधन कर राजेश कश्यप को प्रत्याशी घोषित किया है। बसपा ने अब तक प्रत्याशी घोषित नहीं किया है। माना जा रहा है कि कुछ दिनों में बसपा अपना प्रत्याशी घोषित कर देगी।लोकसभा चुनावों की घोषणा होने के साथ ही सियासी सरगर्मी चरम पर पहुंचने लगी है। शाहजहांपुर में लगातार दो बार जीत के बाद हैट्रिक की तैयारी में जुटी भाजपा को रोकने की चुनौती सपा और बसपा के सामने है। गठबंधन के कारण सपा प्रत्याशी को जिताने के लिए कांग्रेस दम लगा रही है। अभी तक टिकट को लेकर स्थिति स्पष्ट न होने के बावजूद बसपा जीत का खाता खोलने के लिए आजमाइश कर रही है। आंकड़ों की बात करें तो अब तक हुए 17 लोकसभा चुनावों में कांग्रेस ने सबसे ज्यादा बार, जनता दल ने दो बार, सपा ने दो बार जीत कृष्णाराज सांसद और बाद में केंद्रीय राज्यमंत्री ने जीत हासिल की। 2024 में भाजपा ने एक बार वहीं, सपा ने कांग्रेस के साथ गठबंधन कर राजेश घोषित नहीं किया है। माना जा रहा है कि कुछ लिए आठ आवेदन बसपा को मिले हैं। इनमें अध्यक्ष बहादुरलाल आजाद, महेश गौतम, पूर्व शाहजहांपुर में लोकसभा चुनाव में जीत हासिल नंबर पर जरूर रहा था। ऐसे में माना जा रहा है कि चुनावों का मतदान प्रतिशत-2009 के लोकसभा

नौ बार जीत हासिल की है। जनता पार्टी, हिंदू महासभा ने एक दर्ज की है। 2014 में पहली बार भाजपा ने खाता खोला। भी बनीं। 2019 में भी भाजपा के प्रत्याशी अरुण कुमार सागर फिर से अरुण सागर पर भरोसा जताते हुए प्रत्याशी बनाया है। कश्यप को प्रत्याशी घोषित किया है। बसपा ने अब तक प्रत्याशी दिनों में बसपा अपना प्रत्याशी घोषित कर देगी। टिकट के शालिनी सिंह, पूर्व प्रत्याशी अमर चंद जौहर, पूर्व जिला पंचायत जिलाध्यक्ष उदयवीर प्रमुख नाम हैं। बसपा को अब तक नहीं हुई है। 2014 और 2019 के चुनाव में बसपा प्रत्याशी दूसरे बसपा भी 2024 के चुनाव में कड़ी टक्कर देगी। पिछले तीन चुनाव में केवल 48.84 प्रतिशत ही मतदान। 2014 के लोकसभा चुनाव में 57. 04 प्रतिशत मतदान हुआ। 2019 के आम चुनाव में कुल 55.85 प्रतिशत मतदान हुआ। राममंदिर और विकास कार्यों के दावे के साथ हर वर्ग पर भाजपा का दावा -ठाकुर, ब्राह्मण और वैश्य बिरादरी के वोट के साथ ओबीसी और अनुसूचित जाति के वोटों पर भाजपा की नजर है। भाजपा प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, आयुष्मान योजना, आवास योजना आदि के जरिये मुस्लिम मतदाताओं को भी रिझाने का प्रयास कर रही है। वर्तमान सांसद अरुण सागर जाटव बिरादरी से आते हैं। अनुसूचित जाति के वोटरों में करीब आधे जाटव बिरादरी के वोट माने जाते हैं। तिलहर और जलालाबाद विधानसभा सीट पर भाजपा विधायक ओबीसी बिरादरी से आते हैं। ओबीसी बिरादरी के वोटों को भाजपा के पक्ष में करने का जिम्मेदारी भी उन पर आती है। भाजपा राम मंदिर के नाम पर लगभग हर बिरादरी के वोट पर दावा कर रही है। मुस्लिम-यादव और कश्यप बिरादरी के वोट पर सपा की नजर-पिछले चुनाव में सपा से गठबंधन के बावजूद बसपा प्रत्याशी को ढाई लाख से ज्यादा वोट से हार झेलनी पड़ी थी। मुस्लिम, यादव और अनुसूचित जाति के वोट का भरोसा काम नहीं आया था। इस बार सपा ने राजेश कश्यप को प्रत्याशी बनाया है। कांग्रेस से गठबंधन के कारण सपा करीब तीन लाख मुस्लिम मतदाताओं के अपने पक्ष में होने का दावा कर रही है। तकरीबन 1.75 लाख यादव वोट भी प्रभावी भूमिका निभाएगा। लगभग 1.5 लाख कश्यप बिरादरी के वोट का भी आसरा है। इसके अलावा भी अन्य बिरादरी के वोट पाने की सपा प्रत्याशी को उम्मीद है। कश्यप और यादव के अलावा भी ओबीसी मतदाताओं की संख्या अच्छी-खासी है। लोधी, मौर्य आदि बिरादरी के वोट पाने की जुगत में भाजपा और सपा लगी हुई है। भाजपा के सामने कांग्रेस-सपा गठबंधन की चुनौती -2004 में कांग्रेस प्रत्याशी जितिन प्रसाद ने जीत दर्ज की थी। इसके बाद 20 सालों में हुए तीन लोकसभा चुनावों में कांग्रेस प्रत्याशी दूसरे नंबर पर भी नहीं आ सके। हालांकि 2019 में बसपा से गठबंधन के कारण सपा को अपनी सीट छोड़नी पड़ी थी, तब भी गठबंधन के बसपा प्रत्याशी को 268413 वोटों से हार का सामना करना पड़ा था। ऐसे में सपा के लिए कांग्रेस से गठबंधन कितना मददगार साबित होगा, यह वक्त ही बताएगा।

51 मानसिक बाधित महिलाओं के लिए दैनिक उपयोगी सामग्री वितरण की गई

क्यूँ न लिखूँ सच

